अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 4 फरवरी 2020

Page NO :07 Bottom

एसआरएमएस संस्थान में ओरेकल ऑटोनॉमस टेक्नोलाजी पर कार्यक्रम

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में सोमवार को ओरेकल ऑटोनॉमस टेक्नोलाजी विषय पर इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इसमें ऑटोनॉमस टेक्नोलाजी के निदेशक कार्तिक त्रिरुनारायण ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक्स ने ओरेकल चेन्नई से आई टीम का स्वागत किया। इसमें बीटेक, कंप्यूटर साइंस, इनफारमेशनल टेक्नोलाजी, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन तथा एमसीए के फाइनल और प्री फाइनल ईयर के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. सुभाष मेहरा, ट्रस्ट प्रशासक, डॉ. अनुज कुमार, हेड ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट तथा जी चंद्रहास शंखधार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. अनुज कुमार ने टीम के सदस्यों का आभार जताया।